केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात में जूनागढ़ स्थित ब्रह्मानंद विद्याधाम में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

ब्रह्मानंद विद्याधाम में 4000 से ज्यादा विद्यार्थियों के लिए बाल मंदिर से लेकर मेडिकल कॉलेज तक की संपूर्ण शिक्षा की व्यवस्था होना सराहनीय है

पहले की सरकारें वोट बैंक के भय से देश की समस्याओं को पेंडिंग रखती थी, मोदी जी ने 10 वर्ष में सभी लंबित समस्याओं का निपटारा किया

देश की सुरक्षा मोदी सरकार का पहला कर्तव्य, सरकार देश की सुरक्षा में कभी कोई कमी नहीं रखेगी

मुक्तानंद बापू के सान्निध्य में छोटे से गांव में 450 बिस्तरों वाले अस्पताल, पशु अस्पताल, प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र, सैनिक स्कूल, आनंद धारा परियोजना सहित कई उपक्रम शुरू हुए

प्रविष्टि तिथि: 08 MAR 2025 7:34PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात में जूनागढ़ स्थित ब्रह्मानंद विद्याधाम में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि पूज्य मुक्तानंद बापू के नेतृत्व में ब्रह्मानंद विद्याधाम में 4000 से ज्यादा विद्यार्थियों के लिए आंगनबाड़ी से लेकर मेडिकल कॉलेज तक की संपूर्ण शिक्षा की व्यवस्था सराहनीय है।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन, चीनी मिल का भूमिपूजन और सैनिक स्कूल के लोकार्पण के कार्य हुए। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें वोट बैंक के भय से देश की समस्याओं को पेंडिंग रखती थी। कश्मीर से धारा 370 हटाने, ट्रिपल तलाक का प्रावधान खत्म करने, यूनिफॉर्म सिविल कोड, CAA और राम मंदिर निर्माण जैसे महत्वपूर्ण काम पेंडिंग रखे गए थे। लेकिन जब गुजरात के सपूत श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों देश की बागडोर आई तो 10 वर्ष के भीतर उन्होंने सभी लंबित समस्याओं का निपटारा कर दिया। श्री शाह ने कहा कि 550 साल के बाद राम लला टेंट से अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए। औरंगजेब द्वारा तोड़ा गया काशी विश्वनाथ कॉरिडोर फिर से बनाया गया। आक्रमणकारियों द्वारा कई बार तोड़े गए सोमनाथ मंदिर को भी सोने से पुनर्निर्मित करने का काम शुरू किया गया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा मोदी सरकार का पहला कर्तव्य है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार देश की सुरक्षा में कभी कोई कमी नहीं रखेगी। विपक्षी पार्टी जब सत्ता में थी तो देश की सुरक्षा को नजरंदाज कर रही थी। पाकिस्तान से आतंकवादी आकर बम धमाके करके चले जाते थे, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया जाता था। उन्होंने कहा कि मोदी जी 2014 में प्रधानमंत्री बने तो 2015 में उरी और पुलवामा में हमले हुए। पाकिस्तान के आतंकवादियों को शायद पता नहीं था कि प्रधानमंत्री और सरकार बदल चुकी है और श्री नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री हैं।मोदी जी के नेतृत्व में 10 दिन के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुस कर आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया। उस दिन से पूरे विश्व में यह संदेश गया कि भारत की सेना और भारत की सीमा के साथ कोई मज़ाक नहीं कर सकता, वरना नतीजे भुगतने होंगे।

श्री अमित शाह ने कहा कि इस देश के 60 से 70 करोड़ लोग कृषि पर निर्भर हैं, परंतु पहले की सरकार किसान और कृषि दोनों के लिए उदासीन थी। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सरकार ने वर्ष 2013-14 के बजट में सिर्फ 22,000 करोड़ रुपये कृषि के लिए आवंटित किए थे, लेकिन आज मोदी जी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र का बजट छह गुना बढ़ाकर 1 लाख 37 हज़ार करोड़ रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने किसानों को 25 लाख करोड़ रुपये का ऋण देने का काम किया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज यहां शिक्षा क्षेत्र का कार्यक्रम हुआ, जिसके तहत सैनिक स्कूल का लोकार्पण हुआ। साथ ही सैनिक स्कूल के स्टाफ कवार्टर, ब्रह्मानंद विद्याधाम के स्टाफ कवार्टर, जय अंबे अस्पताल की अलग-अलग परियोजनाओं और मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन भी किया गया। उन्होंने कहा कि मुक्तानंद बापू ने कई वर्षों से सेवा का यज्ञ जारी रखा है और जो भी मुसीबत मे हो उसकी हमेशा सहायता की। आज उनके सान्निध्य में छोटे से गांव में 450 बिस्तरों वाले अस्पताल, पशु अस्पताल, बच्चों के संस्थान, प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र, सैनिक स्कूल, आनंद धारा परियोजना सहित कई उपक्रम शुरू हुए हैं। उन्होंने कहा कि

मुक्तानंद बापू ने कुंभ में प्रति दिन 25 हजार लोगों को भोजन कराने का कार्य भी किया। श्री शाह ने कहा कि इस महाकुंभ ने पूरे विश्व में सनातन का मजबूत संदेश दिया, जो अनेक सालों तक याद रहेगा।

*****

RK/VV/RR/PR

(रिलीज़ आईडी: 2109508) आगंतुक पटल : 35